समयबद्ध
संख्या- 723 /15-7-2025

प्रेषक,
संजय कुमार,
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,
सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

**माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-7** लखनऊ दिनांक 25 जून, **2025**

विषयः संस्थाओं द्वारा मान्यता हेतु आवेदन किये जाने सम्बन्धी पोर्टल पर तकनीकी समस्या के दृष्टिगत विद्यालयों को मान्यता प्रदान किये जाने के लिये निर्धारित तिथियों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-मा0शि0प0/परिषद-9/मान्यता/189 दिनांक 11-06-2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संस्थाओं द्वारा मान्यता हेतु आवेदन किये जाने सम्बन्धी पोर्टल पर तकनीकी समस्या के दृष्टिगत विद्यालयों को मान्यता प्रदान किये जाने के लिये निर्धारित तिथियों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया गया है।

2- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि परिषद् विनियम के अध्याय-सात के विनियम 3 में निर्धारित तिथियों के क्रम में सत्र- 2025-2026 हेतु मान्यता आवेदन की तिथियों में संशोधन निम्नवत् हैः-

| वर्तमान व्यवस्था | सत्र-**2025-2026** हेतु प्रस्तावित व्यवस्था |
|---|---|
| **1** | **2** |
| 3(क) हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के द्विवार्षिक परिषदीय सत्र हेतु मान्यता प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र विहित प्रपत्र पर (मान्यता हेतु निर्धारित शुल्क के साथ) आवेदन सम्यक रूप से वांछित प्रमाण-पत्रों सहित ऑनलाइन भरा जायेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र उन वर्ष के लिये जिसमें कक्षाओं को खोलने की प्रस्तावना हो, के पूर्ववर्ती वर्ष की 01 अप्रैल से 15 मई (बिना विलम्ब शुल्क के) तक स्वीकार किया जायेगा। 16 मई से 31 मई तक आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे। 31 मई के पश्चात् कोर्ड आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया | 3(क) हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के द्विवार्षिक परिषदीय सत्र हेतु मान्यता प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र विहित प्रपत्र पर (मान्यता हेतु निर्धारित शुल्क के साथ) आवेदन सम्यक रूप से वांछित प्रमाण-पत्रों सहित ऑनलाइन भरा जायेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र उस वर्ष के लिये जिसमें कक्षाओं को खोलने की प्रस्तावना हो, के पूर्ववर्ती वर्ष की 01 अप्रैल से 15 जून (बिना विलम्ब शुल्क के) तक स्वीकार किया जायेगा। 16 जून से 30 जून तक आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे। 30 जून के पश्चात् कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया |



File No. 15-7099/83/2025-माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-7-Secondary Education Department (Computer No. 1941042)

| | |
|---|---|
| जायेगा। | जायेगा। |
| (ख) जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर निम्नांकित तिथियों के अनुसार मान्यता के आवेदन पत्रों की सूची, जिसमें विद्यालय का नाम, आवेदित परीक्षा वर्ष तथा हाईस्कूल नवीन अथवा सीधे एवं इण्टर नवीन/वर्ग/ विषय का उल्लेख हो, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय सचिव को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जायेगाः<br>(1)15 मई तक प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची-31 मई तक<br>(2)31 मई तक प्रात आवेदन-पत्रों (विलम्ब शुल्क सहित) की सूची 10 जून तक अथवा सीधे एवं इण्टर नवीन/वर्ग/ विषय का उल्लेख हो, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय सचिव को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जायेगाः- | (ख) जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर निम्नांकित तिथियों के अनुसार मान्यता के आवेदन पत्रों की सूची, जिसमें विद्यालय का नाम, आवेदित परीक्षा वर्ष तथा हाईस्कूल नवीन अथवा सीधे एवं इण्टर नवीन/वर्ग/ विषय का उल्लेख हो, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय सचिव को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जायेगाः<br>(1)15 जून तक प्राप्त आवेदन- पत्रों की सूची- 30 जून तक<br>(2)30 जून तक प्राप्त आवेदन-पत्रों (विलम्ब शुल्क सहित) की सूची-10 जुलाई तक |

कृपया उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
SANJAY KUMAR
Date: 25-06-2025
11:28:39

(संजय कुमार)
उप सचिव।